प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 24.04.2024

- **जनपद कानपुर देहात के थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से सम्बन्धित अपराधों के खुलासे में मिली बड़ी सफलता।**
- **साइबर अपराधी द्वारा पीड़ित के साथ धोखाधडी करके बैंक खाते से निकाले गये 1,97,825 रुपये की धनराशि पीडित के बैंक खाते में वापस कराकर थाना साइबर पुलिस द्वारा पीडित के चेहरे पर लौटाई खुशी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रीमान बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता से साइबर अपराधी द्वारा दिनांक 14.03.2024 को ऑनलाइन धोखाधड़ी करके शिकायतकर्ता के खाते से 2,00,000 रुपये निकाल लिये गये थे। जिसके सम्बन्ध शिकायतकर्ता द्वारा थाना साइबर क्राइम जनपद कानपुर देहात में उचित कार्यवाही हेतु आवेदन किया, जिस पर थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर अपराधी के खाते को फ्रीज करवाया गया। शिकायतकर्ता के साथ हुई उक्त घटना पर लगातार कार्यवाही करते दिनांक 16.04.2024 को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल धनराशि 1,97,825 रुपये वापस कराकर शिकायतकर्ता के चेहरे पर खुशी लौटाई। शेष धनराशि को वापस कराने हेतु विधिक कार्यवाही प्रचलित है । पुलिस/साइबर पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने जनपद कानपुर देहात पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

वापस करायी गयी धनराशि-

1,97,825 रुपये

धनराशि वापस कराने वाली थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री प्रवीण कुमार यादव
2. का0 सतेन्द्र कुमार
3. का0 बलजीत